भारत सरकार सोसायटी अधिनियम 21/1860 व भारत सरकार के गृह मंत्रालय
एवं सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय के अन्तर्गत पंजीकृत

# "पंचायत शिक्षा अभियान"

( वेबसाइट www.uphaarharfoundation.in)

**सरकारी स्कूल और निजी स्कूल के बच्चों को होम कोचिंग पढ़ाने तथा महिला और बाल कल्याण योजना को बढ़ावा देने हेतु उ० हि० ऑ० रि० फा० के द्वारा प्रखण्ड और पंचायत शिक्षक/शिक्षिका, प्रखंड प्रभारी और जिला प्रभारी के पद पर आवेदन करने हेतु आमंत्रित करता है।**

**ऑनलाइन आवेदन की तिथि- 13-03-2020 से 15-04-2020**

**विज्ञापन संख्या-BR06/03/2020**

बिहार में उपहार संगठन के द्वारा प्रखण्ड व पंचायत स्तर पर विभिन्न पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु जिला सुरक्षा अधिकारी, प्रखण्ड अधिकारी, पंचायत अधिकारी, प्रखण्ड टेक्नीशियन प्रखण्ड पर्यवेक्षक, प्रखण्ड प्रभारी, पंचायत प्रभारी व पंचायत सर्वेकर्त्ता के पद पर नियुक्ति हेतु ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

**प्रोत्साहन आय- 4050/- से 22750/- रुपया प्रतिमाह**

**कुल रिक्तियों की संख्या- 9524**

- उक्त प्रक्रिया के अन्तर्गत उपहार संगठन द्वारा सर्वप्रथम आवेदन पत्रों का ऑनलाइन संवेदन किया जाएगा, तदोपरान्त आवेदन पत्रों की समीक्षा की जाएगी एवं जिन अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र सही पाए जाएंगे उनके लिए लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।
- सभी कोटि, (अनारक्षित/आरक्षित आदि) के जो अभ्यर्थी लिखित परीक्षा में कुल अंक का न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक प्राप्त करने में असफल रहेंगे वे विर्हित (Disqualified) घोषित किए जाएंगे तथा उन्हें साक्षात्कार परीक्षा में भाग लेने हेतु स्वीकृति नहीं दी जाएगी।

लिखित परीक्षा अंतिम मेधा सूची का आधार नहीं है। लिखित परीक्षा केवल साक्षात्कार परीक्षा के लिए अर्हक (Qualifying) होगी। अभ्यर्थियों को साक्षात्कार परीक्षा में सम्मिलित होना एवं उसमें सफल होना अनिवार्य होगा। लिखित परीक्षा के आधार पर सफल उम्मीदवारों को निर्धारित (1:5) अनुपात में साक्षात्कार परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा। विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु चयन के लिए अंतिम सूची साक्षात्कार परीक्षा के अधीन दोनों स्पर्धाओं में प्राप्त अंक के आधार पर तैयार किया जाएगा।

1. **विभिन्न पदों पर आवेदन हेतु पात्रता:-**

1.1 **जिला प्रभारी पद पर आवेदन हेतु पात्रता।**

अभ्यर्थीयों की शैक्षणिक योग्यता (स्नातक/बी.ई./बी.टेक/बी.बी.ए./एम.बी.ए. अथवा दो वर्षो का कार्य अनुभव तथा संगणक ज्ञान व अंग्रेजी भाषा का ज्ञान।

1.2 **प्रखण्ड प्रभारी के पद पर आवेदन हेतु पात्रता:**

अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता इंटरमीडिएट (10+2) उत्तीर्ण
अथवा बिहार राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समकक्ष शैक्षिक योग्यता
अथवा संगणक ज्ञान प्रमाण पत्र ।

1.3 **पंचायत शिक्षक/शिक्षिका के पद पर आवेदन हेतु पात्रता:**

अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता (10वीं) उत्तीर्ण अथवा बिहार राज्य मदरसा बोर्ड द्वारा निर्गत फौकानिया प्रमाण पत्र अथवा बिहार के संस्कृत बोर्ड द्वारा निर्गत शास्त्री (अंग्रेजी सहित अथवा समकक्ष योग्यता)

2. अभ्यर्थियों की उम्र दिनांक-01-01-2020 को)

2.1 सामान्य (अनारक्षित) कोटि के पुरूषों एवं महिलाओं के लिए न्यूनतम उम्र-18 वर्ष, अधिकतम उम्र-48 वर्ष।

2.2 पिछड़ा वर्ग/कोटि एवं अत्यंन्त पिछड़ास वर्ग/कोटि के पुरूषों के लिए न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और अधिकतम उम्र 49 वर्ष।

2.3 पिछड़ा वर्ग /कोटि की महिलाओं के लिए न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और अधिकतम उम्र 48 वर्ष।

2.4 अनुसूचित जाति /कोट एवं अनुसूचित जन जाति/कोटि के पुरूषों एवं महिलाओं के लिए न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और अधिकतम उम्र 48 वर्ष।

3. **नियुक्ति की प्रक्रिया:**

**प्रथम चरण-लिखित परीक्षा-**

आवेदन पत्रों के संग्रहण के उपरांत आवेदन पत्रों की समीक्षा की जाएगी एवं जिन अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र सही पाए जाएंगे उनके लिए लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। लिखित परीक्षा में पूछे जाने वाले प्रश्नों का स्तर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के VIIth, Xth, XIIth स्तर एवं पद अनुसार होगा। सामान्य ज्ञान एवं अन्य विषयों से सम्बन्धित प्रश्न वस्तुनिष्ठ (आब्जेक्टिव) प्रकार के होंगे। लिखित परीक्षा 100 अंकों की होगी एवं परीक्षा की अवधि 2 घंटे की होगी। जिसमें प्रत्येक सही प्रश्न के लिए 1 अंक देय होंगे। जो अभ्यर्थी लिखित परीक्षा में कुल अंक का न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक प्राप्त करने में असफल रहेंगे वे निर्हित (Disqualify) घोषित किये जाएंगे, लिखित परीक्षा अंतिम मेधा सूची का आधार नहीं होगा।

लिखित परीक्षा केवल साक्षात्कार परीक्षा के लिए अर्हक होगी। लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर विज्ञाप्ति रिक्तियों के 1:5 अनुपात में प्रत्येक आरक्षरण कोटि के लिए अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार परीक्षा हेतु किया जाएगा। लिखित परीक्षा के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को साक्षात्कार परीक्षा में सम्मिलित होने एवं सफल होना अनिवार्य होगा।

4. **आरक्षण-**

महिलाओं के लिए आरक्षण के प्रावधानों के अनुसार 2 प्रतिशत पिछड़े वर्ग के महिलाओं के लिए आरक्षित है इस 2 प्रतिशत आरक्षण को अक्षुण्ण रखते हुए आरक्षित एवं गैर आरक्षित वर्गो के शेष 98 प्रतिशत पदों के विरूद्ध 25 प्रतिशत पद प्रत्येक आरक्षित गैर आरक्षित कोटि में अलग-अलग महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे। योग्य महिला अभ्यर्थियों की अनुपलब्धता की स्थिति में उसी भर्ती वर्ष में संगत कोटि (आरक्षित/गेर आरक्षित) के पुरुष उम्मीदवारों को भरा जा सकेगा।

**(क) बिहार राज्य के स्वतंत्रता सेनानी के संबंधियों**

**(पोता/पोती/नाती/नातिन) के लिए प्रावधान :**

बिहार राज्य के वैसे स्वतंत्रता सेनानी जिन्हें केन्द्र सरकार द्वारा पेंशन स्वीकृत है, के पोता/पोती/नाती/नतनी को राज्य सरकार के सेवाओं में नियुक्ति में 1 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का प्रावधान किया गया है, चयनित उम्मीदवार जिस आरक्षित/गैर आरक्षित वर्ग से संबंधित होंगे उनकी गिनती उसी

आरक्षित/गैर आरिक्षत वर्ग में की जाएगी। अन्य राज्यों के आरक्षित कोटि के अभ्यर्थियों की गणना अनारक्षित (सामान्य) कोटि के अभ्यर्थियों के रूप में की जाएगी। तदनुरूप उनके लिए अनारक्षित (सामान्य) कोटि के अभ्यार्थियों के लिए निर्धारित आयु सीमा तथाा अन्य अर्हताएँ लागू होगी।

5. **कट ऑफ तिथि**–

यहाँ यह स्पष्ट किया जाता है कि सभी आरक्षण कोटि के अभ्यर्थी एवं अभ्यर्थियों के लिए आयु सीमा, शैक्षणिक योग्यता एवं प्रशिक्षण की तिथि के लिए कट ऑफ तिथि 01 जनवरी 2020 निर्धारित की जाती है।

6. **रिक्ति**–

रिक्तियों की संख्या 9524 (नौ हजार पाँच सौ चौबीस) है जो घट बढ़ सकती है। भारत सरकार सोसायटी 21/1860 के अन्तर्गत उ०हि०ऑ०रि०फा० का बिहार पदों एवं सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण के पावधानानुसार विभिन्न आरक्षण कोटि की रिक्तियों की संख्या उ०हि०ऑ०रि०फा० मुख्यालय द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।

7. **ऑन लाइन आवेदन की प्रक्रिया**–

विभिन्न पदों पर चयन हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र फार्म की पद्धति अपनाई गई है। दिनांक–13–03–2020 से ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। विहित पद्धति एवं प्रक्रिया के संबंध में वेबसाइट www.uphaarharfoundation.in) पर विस्तार से बताया गया है। सभी अभ्यार्थियों को निर्धारित मूल्य पर परीक्षा शुल्क के रूप में ऑनलाइन आवेदन पत्र का क्रय करना है। आनलाईन आवेदन पत्र भरने की पद्धति में आवेदन पत्र का मूल्य ओनलाईन भुगतान के माध्यम से प्राप्त किया जाएगा।

पद जिला प्रभारी, प्रखण्ड प्रभारी, पंचायत शिक्षक/शिक्षिका अत्यंत पिछड़ा वर्ग एवं अनारक्षित (सामान्य) वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाईन आवेदन पत्र का मूल्य 250/– (दो सौ पच्चास रुपया) तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जाति के अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाईन आवेदन पत्र का मूल्य 200/– (दो सौ रुपया) अभ्यार्थियों के लिए ऑनलाईन आवेदन उपरोक्त राशि के अतिरिक्त अभ्यर्थियों से आनलाईन ट्रांजेक्शन (Online transaction)से संबंधित प्रोसेसिंग चार्ज (Procesing charge) अलग से उपर्युक्त राशि ली जायेगी। उपरोक्त सभी राशि का भुगतान आनलाईन करना होगा।

8. **ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने के लिए आवश्यक निर्देश**–

ऑन लाईन आवेदन पत्र भरने के लिए बेबसाईट पर आवश्यक दिशा निर्देश उपलब्ध है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि आवेदन पत्र भरने के पूर्व उपरोक्त दिशा–निर्देश का भलि–भांति अध्ययन कर लें तथा आवेदन पत्र भरने के क्रम में सभी सूचनाएँ सही–सही अंकित करें यदि कोई सूचना झूठी या गलत पाई गई हो तो आवेदन पत्र रद्द करने के साथ आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी। ऑनलाईन आवेदन भरने के लिए अभ्यर्थी संगठन/ विभाग के वेवसाईट पर जाकर **पंचायत शिक्षा अभियान के लिंक** के टैब पर क्लीक करें। इस पृष्ठ पर दिए गए आवेदन पत्र से संबंधित लिंक पर क्लीक करने के पश्चात् आवेदन पत्र की प्रक्रिया प्रारंभ की जा सकती है। ऑनलाईन आवेदन भरने की प्रक्रिया में सर्वप्रथम अभ्यर्थी का रजिस्ट्रेशन किया जाता है। इस क्रम में अभ्यर्थी से उकना मोबाईल नम्बर एवं ई मेल आईडी लिया जाता है तथा इन दोनों के माध्यम से तत्काल विभिन्न प्रकार की सूचनाएं भेजी जाती है। मोबाईल नम्बर का प्रयोग कर अभ्यर्थी अपना पंजीकरण करते हैं। अतः पंजीकरण करने के लिए मोबाईल नम्बर तथा ईमेल अनिवार्य है। अभ्यर्थियों द्वारा अपना ईमेल आई.डी. को अंग्रेजी के छोटे

अक्षरों में प्रविष्ट करना है जो अनिवार्य है। शुल्क के भुगतान संबंधित अथवा अन्य महत्वपूर्ण सूचना आपके ईमेल आईडी पर दी जाएगी। पंजीकरण करने के पश्चात् अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र के Processing Charge का online भुगतान करना होगा।

एक मोबाईल नम्बर से मात्र एक ही आवेदन पत्र भरा जा सकेगा। आवेदन पत्र भरते समय मोबाईल फोन अभ्यर्थियों के पास होना चाहिए। क्योंकि उसी मोबाईल नम्बर पर एस.एम.एस. के माध्यम से पासवार्ड भेजा जाएगा।

9. **महत्वपूर्ण निर्देशः-**

(क) आवेदन पत्र भरने के पूर्व अभ्यर्थी सुनिश्चत कर लेंगे की वे दिनांक-01 जनवरी 2020 को निर्धारित आयुसीमा, शैक्षणिक योग्यता या प्रशिक्षण आदि सभी पात्रता को पूर्ण करते हैं।

(ख) एक अभ्यर्थी द्वारा मात्र एक ही आवेदन पत्र भरा जा सकता है।

(ग) आवेदन पत्र भरने के बाद दिए गए QR Code को Phone Pe/ Google Pay / PayTM आदि के माध्यम से स्केन कर शुल्क भुगतान करें अथवा BHIM/ UPI से भी भुगतान कर सकते हैं। शुल्क भुगतान होने के बाद Transaction No./UTR No. नीचे दिए गए स्थान पर भरें और फॉर्म सबमिट करें।

(घ) जो अभ्यर्थी फर्जी नाम या पते के आधार पर आवेदन पत्र भरेंगे उनकी पात्रता रद्द करते हुए उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

(ड़) अभ्यर्थी 10 वीं की बोर्ड परीक्षा के मूल प्रमाण पत्र के आधार पर आवेदन पत्र में अपने जन्म तिथि का सही सही उल्लेख करेंगे।

(च) आवेदन पत्र में अभ्यर्थी अपना नाम, पिता/पति का नाम, पता आदि सभी सूचनाएं सही-सही भरेंगे। प्रमाण पत्रों से मिलान के समया यदि इनमें कोई भिन्नता पाई जाती है तो आवेदन/आवेदिका की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।

(छ) आवेदन पत्र में यदि आवेदन गलत आरक्षण कोटि प्रविष्ट करते हैं तो उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। अत: ऐसे आवेदक पूर्णत: आश्वस्त हो ले कि वह किस वर्ग अथवा जाति में हैं।

(ज) किसी भी अभ्यर्थी को अपने आवेदन पत्र में गलत तथ्यों को, जिनकी प्रमाण-पत्र के आधार पर पुष्टि नहीं की जा सकती, देने पर उपहार हिमायत ऑल रिलिजन फाउन्डेशन के समस्त प्रवेश चयनों से प्रतिवारित किया जा सकता है।

(झ) अभ्यर्थियों को ऑन-लाईन (ONLINE) आवेदन पत्र पंजीकरण/रजिस्ट्रेशन को सबमिट (SUBMIT) करते समय अपने किसी भी शैक्षिक योग्यता प्रमाण-पत्रों की छायाप्रति को संलग्न करने की आवश्यकता नहीं है।

(ञ) अभ्यर्थी यदि एक से अधिक आवेदन करने का इच्छुक है तो प्रत्येक प्रशिक्षण हेतु अलग-अग मोबाईल नं0 से पृथक-पृथक शुल्क सहित पृथक-पृथक आवेदन पश्चात कोई भी परिवर्तन अनुमान्य नहीं है।

(ट) एक रजिस्ट्रेशन नं० पर एक बार से अधिक शुल्क का भुगतान न करें। ऐसा करने पर कोई एक शुल्क का भुगतान मान्य होगा और अन्य शुल्क किसी भी परिस्थिति में वापिस नहीं किया जायेगा।

(ठ) चयन किए गए पंचायत शिक्षक एवं शिक्षिका, प्रखण्ड प्रभारी/जिला प्रभारी को 15 दिनों तक प्रशिक्षण कार्य दिया जायेगा। कार्य के दौरान प्रत्येक शिक्षक/शिक्षिका को 40-40 बच्चों का 6

समूह तैयार करना होगा तथा प्रत्येक प्रखण्ड प्रभारी को 30 समूह और जिला प्रभारी को 480 समूह तैयार करना अनिवार्य है।

(ढ) पंचायत शिक्षक/शिक्षिका, प्रखण्ड प्रभारी और जिला प्रभारी को 15 दिनों का दिए गए कार्य की सूची सचिव को सौंपना है। उसके बाद लिखित तौर पर नियुक्ति पत्र दे दिया जायेगा।

(नोट : 15 दिनों का प्रशिक्षण वेतन नहीं दिया जायेगा)

आवेदन पत्र भरने के पश्चात् डाउनलोड किए हुए पी.डी.एफ. को अपने पास अवश्य सुरक्षित रखेंगे। उसे विभाग में भेजने की कोई आवश्यकता नहीं है। संगठन उपहार से पत्राचार करते समय आवेदन पत्र की छायाप्रति निश्चित रूप से संलग्न करें।

*शर्त्ते लागू

10. **रिक्त पदों की सूची -**

| **क्र.सं.** | **पद का नाम** | **योग्यता** | **आयु** | **प्रोत्साहन राशि** | **इंसेंटिव** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंचायत शिक्षक/शिक्षिका | मैट्रिक | 18-45 | 4050/- | 10% |
| 2. | प्रखंड प्रभारी | इंटर | 20-45 | 7350/- | 2% |
| 3. | जिला प्रभारी | स्नातक | 25-48 | 11500/- | 1% |

10.1. **जिलावार रिक्त पदों की सूची**

| **क्र.सं.** | **जिला** | **पंचायत शिक्षक/शिक्षिका** | **प्रखंड प्रभारी** | **जिला प्रभारी** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अररिया | 220 | 09 | 01 |
| 2. | अरवल | 65 | 05 | 01 |
| 3. | औरंगाबाद | 145 | 11 | 01 |
| 4. | बांका | 205 | 11 | 01 |
| 5. | बेगुसराय | 265 | 18 | 01 |
| 6. | भागलपुर | 303 | 16 | 01 |
| 7. | भोजपुर | 269 | 14 | 01 |
| 8. | बक्सर | 155 | 11 | 01 |
| 9. | दरभंगा | 358 | 18 | 01 |
| 10. | पूर्वी चम्पारण | 358 | 18 | 01 |
| 11. | गया | 370 | 24 | 01 |
| 12. | गोपालगंज | 271 | 14 | 01 |
| 13. | जहानाबाद | 103 | 07 | 01 |
| 14. | खगड़िया | 160 | 07 | 01 |
| 15. | किशनगंज | 88 | 07 | 01 |
| 16. | कैमुर | 168 | 11 | 01 |
| 17. | कटिहार | 301 | 16 | 01 |
| 18. | लखीसराय | 70 | 07 | 01 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 19. | मधुबनी | 473 | 21 | 01 |
| 20. | मुंगेर | 290 | 09 | 01 |
| 21. | मधेपुरा | 190 | 13 | 01 |
| 22. | मुजफ्फरपुर | 220 | 09 | 01 |
| 23. | नालंदा | 299 | 20 | 01 |
| 24. | नवादा | 198 | 14 | 01 |
| 25. | पटना | 297 | 23 | 01 |
| 26. | पूर्णिया | 268 | 14 | 01 |
| 27. | रोहतास | 281 | 19 | 01 |
| 28. | सहरसा | 109 | 10 | 01 |
| 29. | समस्तीपुर | 352 | 20 | 01 |
| 30. | शिवहर | 48 | 05 | 01 |
| 31. | शेखपुरा | 33 | 06 | 01 |
| 32. | सीतामढ़ी | 289 | 17 | 01 |
| 33. | सुपौल | 201 | 11 | 01 |
| 34. | सीवान | 133 | 19 | 01 |
| 35. | सारण | 180 | 20 | 01 |
| 36. | वैशाली | 362 | 19 | 01 |
| 37. | प0 चंपारण | 362 | 18 | 01 |
| 38. | जमुई | 182 | 10 | 01 |

## महत्वपूर्ण तिथि

| | |
|---|---|
| *Starting Date of Apply (Date Change)* | *13.03.2020* |
| *Closing Date for Apply (Extended upto)* | *15.04.2020* |
| *Admit Card Published Date* | *19.05.2020* |
| *Examination Interview Date* | *26.05.2020* |
| *Result Date* | *30.05.2020* |
| *Document Verification Date* | *10.06.2020* |
| *Offer Letter for Final Selection Date* | *19.06.2020* |
| *Joining Date (20 June to 30 June)* | *20.06.2020* |
| *Job Confirmation Date* | *01.07.2020* |

11. **पंचायत शिक्षक/शिक्षिका के कार्य-**

पंचायत शिक्षक को प्रतिदिन चार से पाँच समूह पढ़ाना है। एक समूह में 30-40 बच्चे होंगे।

11.1. **प्रखण्ड प्रभारी के कार्य-**

प्रत्येक प्रखण्ड प्रभारी को प्रतिदिन समूह की लेखा-जोखा, लेन-देन बच्चों की सूची का हिसाब रखना और समय-समय पर समूह को जांच करना तथा निगरानी रखना। प्रतिदिन कार्य का विवरण जिला प्रभारी को सौंपना।

11..2 **जिला प्रभारी के कार्य-**

प्रत्येक जिला प्रभारी को प्रखंड प्रभारी द्वारा दिये गये लेखा-जोखा, लेन-देन, कार्य का विवरण जांच कर संगठन के सचिव को प्रतिदिन कार्य का विवरण देना तथा पंचायत शिक्षा अभियान को बढ़ाने के लिए ग्रामीण व शहरी स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करना और डोनर सदस्य बनाना और समय-समय पर अपने जिले के सभी कर्मचारियों को मदद करना।

12. **गलत/त्रुटिपूर्ण आवेदन में सुधार करना-**

आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया के दौरान या आवेदन भरे जाने के बाद यदि अभ्यर्थी को लगता है कि उसका आवेदन पत्र गलत/त्रुटिपूर्ण भरा गया है या गलत/त्रुटिपूर्ण अपलोड हो गया है और उसमें सुधार की आवश्यकता है तो अभ्यर्थी आवेदन पत्र भरने की फीस पुनः जमा कर सुधार कर सकते हैं। आवेदन पत्र को सुधारने का केवल एक अवसर दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी परिस्थिति में अभ्यर्थी आवेदन पत्र में सुधार नहीं कर सकेंगे। जो अभ्यर्थी आवेदन पत्र की अँतिम तिथि 15-04-2020 को आवेदन पत्र भरेंगे। आवेदन पत्र प्राप्ति की अँतिम तिथि के उपरांत सभी आवेदन पत्रों की जांजोपरान्त अभ्यर्थियों का डाटावेस बनाकर चयन से संर्बधित अग्रतर कार्रवाई के लिए उन्हें प्रवेश पत्र ऑन लाईन निर्गत किया जायेगा। इस सम्बन्ध में विस्तृत सूचना समाचार पत्रों के माध्यम से एवं विभाग की बेबसाईट पर यथा समय दी जायेगी। कई आवश्यक सूचना आपको एस.एम.एस. के माध्यम से दी जाती है अतः अपना पंजीकृत मोबाईल नम्बर जारी रखें।

**आवेदन करने में कोई भी समस्या हो तो uphaar.india.gov@gmail.com पर लिखें।**

संगठन/विभाग सर्वाधिकार सुरक्षित रखती है। आपातकालीन स्थिति में संगठन जरूरत के अनुसार नियम लागू कर सकती है।

**सचिव**
**उपहार संगठन**